सार-समाचार

गुड़ामालानी पंचायत में शिविर 23 को

गुड़ामालानी, (कासं)। जिला कलैक्टर बाड़मेर की ओर से प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में नवो बाडमेर समन्वित प्रयास सशक्त समाज अभियान के तहत बाडमेर जिले के दिव्यांगजनों का चिह्नीकरण, दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने तथा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए उपखण्ड स्तर गुडामलानी पर 23 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक उपखण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन पंचायत समिति परिसर गुडामालानी पर किया जावेगा। उपखण्ड अधिकारी, गुडामालानी केशव कुमार मीना ने बताया कि उक्त उपखण्ड स्तरीय शिविर में पंचायत समिति गुडामालानी एवं आडेल के ऐसे व्यक्ति जो दिव्यांगता, आंखों की कमजोरी, मानसिक विकार, मूकबधीर सहित किसी भी प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित हैं । वो शिविर में आकर अपनी जांब करवा सकते हैं। शिविर में मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों का दल सभी प्रकार की दिव्यांगता की जांब करने हेतु उपस्थित रहेगा। जांच के पश्चात् पात्र दिव्यांग जनों को प्रमाण-पत्र जारी कर विभिन्न सरकारी योजनाओं हेतु पात्र दिव्यांग जनों को उक्त योजनाओं से लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त शिविर में समस्त विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे । दिव्यांगजनों हेतु योजनाएं जैसे- पेंशन, सार्वजनिक शौचालय, टांके, रोडवेज पास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, स्वरोजगार योजना, पालनहार योजना आदि के लिये पात्र दिव्यांगजनों के फॉर्म शिविर स्थल पर ही भरे जाएंगे। उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा ने ने आमजन से अपील कर कहा कि पंचायत समिति गुडामालानी एवं आडेल में निवासरत दिव्यांगजन जिनका दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी नहीं हुआ है या दिव्यांगजनों हेतु चलाई गई सरकारी योजनाओं को लाभ किसी दिव्यांगजन को नहीं मिल रहा है । तो वो अपनी समस्या के समाधान हेतु उपखण्ड स्तरीय शिविर 23 को पंचायत समिति परिसर, गुडामालानी में आकर राहत प्राप्त कर सकता है। इसलिए सभी सम्भावित लाभार्थी उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में जनाधार, आवेदन पत्र, आधार कार्ड, के दस्तावेज के साथ भाग लेकर राहत प्राप्त करने कि बात कही ।

धोरीमना में दिव्यांगों के लिए शिविर

धोरीमन्ना, (निसं)। जिला कलेक्टर बाड़मेर की ओर से प्रदत्त निर्देशो की अनुपालना में नवो बाडमेर समन्वित प्रयास सशक्त समाज अभियान के तहत बाडमेर जिले के दिव्यांगजनो का चिहीकरण. दिव्यांग. प्रमाण पत्र जारी करने तथा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए उपखंड स्तरीय धोरीमना पर 22 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से 5.30 तक उपखंड स्तरीय सीवर का आयोजन पंचायत समिति परिसर धोरीमना पर किया जावेगा। उपखंड अधिकारी धोरीमना केशव कुमार मीणा ने बताया कि उक्त उपखंड स्तरीय शिविर में पंचायत समिति धोरीमन्ना के ऐसे व्यक्ति जो दिव्यांगता आंखों की कमजोरी मानसिक विकार मुक बधिर सहित किसी भी प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित है। शिविर में आकर अपनी जांच करवा सकते हैं। उक्त शिविर में मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों का दल सभी प्रकार की दिव्यांगता की जांच करने हेतु उपस्थित रहेगा। जांच के पश्चात पत्र दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र जारी कर विभिन्न सरकारी योजना हेतु पात्र दिव्यांग जनों को उक्त योजनाओं से लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त शिविर में समस्त विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे तथा दिव्यांगजनों हेतु योजनाएं योजनाएं जैसे पेंशन सार्वजनिक शौचालय टाके रोडवेज पास सामाजिक सुरक्षा पेंशन मुख्यमंत्री कन्यादान योजना स्वरोजगार योजना पालनहार योजना आदि के लिए पात्र दिव्यांगजनों के फॉर्म शिवर स्थल पर भी ही भरे जाएंगे। साथ ही मीणा ने आमजन से अपील की की.पंचायत समिति धोरीमन्न में निवासरत दिव्यांगजन जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ है या दिव्यांगजनो हेतु जनों हेतु चलाई गई सरकारी योजनाओं को लाभ किसी दिव्यांगजन को नहीं मिल रहा है, तो वो अपनी समस्या के समाधान के लिए उपखंड स्तरीय शिविर 22 अक्टूबर पंचायत समिति परिसर धोरीमना में आकर राहत प्राप्त कर सकता हैं। इसलिए सभी सम्भावित लाभार्थी उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में जनआधार आवेदन पत्र आधार कार्ड के दस्तावेज के साथ भाग लेकर राहत प्राप्त करें।

क्षतिग्रस्त हाइवे पर सफर भारी हुआ

रेवदर, (निसं) । मंडार सोरडा रानीवाडा जाने वाले स्टेट हाइवे पर धूल भरी आंधी व जानलेवा कंकर पत्थरों से वाहन चालकों को हमेशा डर लगा रहता है । सडक निर्माण नहीं होने से दिनभर खड्डों से धुल उडती रहती है। नुकिले पत्थर निकलने से वाहनों को नुकसान हो रहा है साथ ही स्लिप होकर वाहन चालक चोटिले हो रहें हैं। मंडार सोरडा सडक मार्ग पुर्व कि सरकार में बनकर तैयार हुआ था मगर घटीया सामाग्री लगाकर निर्माण होने से पहली बारिश में कांच कि तरह बिखरना शुरू हो गया । हर रोज पैसवर्क करके खानापूर्ति करके राहत देने का काम किया पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मगर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया मगर समाधान नहीं हो रहा है। यह स्टेट हाइवे जालोर, भीनमाल, सांचौर, बाडमेर, सुंधामाता, रानीवाडा सहित कई प्रमुख शहरों व कस्बों को जोडता है। मंडार सरपंच परबत सिंह देवडा ने बताया कि मेरे द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग के आलाधिकारीयो को सडक कि दुर्दशा के बारे में अवगत कराया तो विभाग के अधिकारी द्वारा दो दिन में पैसवर्क करके ठीक करने का आश्वासन दिया । मगर सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक सडक रिपेयरिंग नहीं किया। जल्द ही जिला कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा।

भटाणा में मातृ शक्ति सम्मेलन हुआ

रेवदर,(निसं)। आदर्श विद्या मंदिर भटाणा में मातृ शक्ति सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ महन्त आनन्द दास जी महाराज संकुल प्रमुख प्रवीण कुमार रावल प्रधानाचार्य अगरा राम कुम्हार रेवा शंकर सुथार मंगलचंद पुरोहीत लक्ष्मी देवी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्य अगरा राम कुम्हार ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय साथ में विद्या मंदिर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाराज जी ने बताया कि राष्ट निर्माण में मातृ शक्ति का विशेष योगदान होता है व माता बहनों से प्रश्न पुछकर संवाद किया।साथ ही संकुल प्रमुख ने बताया कि अभिभावक को बालक के प्रति जागरूक होना आवश्यक है बालको को मोबाइल से दुर रखकर उनके विकास के लिए अनेक प्रेरणादायक कहानीया सुनानी चाहिए। मुख्य अतिथि ने बताया कि बालक के प्रति मां कि भुमिका अतिमहत्वपूर्ण होती है साथ ही अध्यापिका मनीषा जी ने बताया कि बालको की पहली शिक्षा हिंदी माध्यम में होनी चाहिए अंतिम में समिति उपाध्यक्ष द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर शान्ति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। उपस्थित आचार्य दिनेश कुमार प्रजापत, विमला चौधरी,रविना पुरोहित,लविना पुरोहित, अजा राम प्रचार प्रमुख सपना पुरोहित ने जानकारी दी।

हादसे में युवक की मौत के बाद राष

पोकरण, (निसं)। पोकरण कस्बे के दर्जी समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी के नाम एक ज्ञापन पुलिस वृताधिकारी, तहसीलदार व थानाधिकारी को सुपुर्द किया और गत दिनों सड़क हादसे में हुई युवक की मौत के मामले में न्याय दिलाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षद जितेन्द्रदयाल बोहरा के नेतृत्व में दर्जी समाज के बडी संख्या में लोगों ने पुलिस वृताधिकारी, तहसीलदार व थानाधिकारी को ज्ञापन सुपुर्द कर बताया कि गत 20 सितंबर को कस्बे के वार्ड संख्या 15 निवासी राजेश व सांगाराम पुत्र पदमाराम अपनी दुकान से बाइक से घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान फलसूंड रोड़ पर नंबर एक स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी। जिससे राजेश उछलकर दूर गिरा। जिसे मामूली चोटें लगी। जबकि सांगाराम सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जोधपुर रैफर किया गया। जोधपुर में उपचार के दौरान 26 सितंबर को सांगाराम ने दम तोड दिया। जिस पर पुलिस थाने में अज्ञात वाहन के विरुद्ध दुर्घटना का मामला दर्ज करवाया गया, लेकिन अभी तक पुलिस की ओर से न तो किसी वाहन को दस्तयाब किया गया है, न ही चालक को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने वाहन की पहचान कर आरोपी को गिरफ्तार करने व कड़ी कार्रवाई की मांग की।

सी.एच.बी. थानाधिकारी दवे घायल

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर- जयपुर रोड पर शुक्रवार की रात्रि को हुए एक सड़क हादसे में चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थानाधिकारी नितिन दवे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जोधपुर से जयपुर जाते समय रास्ते में ब्यावर के पास किसी वाहन ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में थानाधिकारी नितिन दवे की पसलियों में फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद वो परिवार के साथ जोधपुर पहुंचे और निजी अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती हुए। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

नाहर ट्रस्ट ने पुस्तकालय भवन का जीर्णोद्धार करवाया

जालोर, (कासं)। सुखराज बाबूलाल नाहर चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई भीनमाल की ओर से निर्मित अभिभाषक संघ जालोर के पुस्तकालय भवन का जीर्णोद्वार का उदघाटन शनिवार जिला एवं सत्र न्यायाधीश जालोर हारून के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

जालोर के कचहरी परिसर में नाहर चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से निर्मित अभिभाषक संघ के पुस्तकालय भवन का जीर्णोद्वार करवाया।

शनिवार को अभिभाषक संघ जालोर के पुस्तकालय भवन का उदघाटन मुख्य अतिथि सैषन न्यायाधीश जालोर हारून ने किया।

वही अध्यक्षता अभिभाशक संघ जालोर के अध्यक्ष प्रवीण कुमार चौहान ने की। पुस्तकालय भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होने के साथ अधिवक्ताओं को पुस्तकालय का लाभ मिलेगा। इसके बाद अभिभाषक संघ के सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सैशन न्यायाधीश हारून ने कहा कि चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पुस्तकालय भवन का जीर्णोद्वार करवाकर अभिभाशक संघ को सुपुर्द किया है, जो सराहानीय कार्य हैं। भामाशाह का ओर सहयोग लेकर अभिभाषक संघ कक्ष व भवन को बनाया जाये। उन्होने कहा कि चेरिटी चलाने वालों का प्रेरित करने की आवश्यकता है।

जालोर में सुखराज बाबूलाल नाहर चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई भीनमाल की ओर से निर्मित अभिभाषक संघ के पुस्तकालय भवन का सैशन न्यायाधीश हारून ने उद्घाटन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

वही इससे पूर्व नाहर चेरिटेबल ट्रस्ट के भामाशाह व प्रेरक महेन्द्र मुणोत का बहुमान किया गया। सैशन न्यायाधीश हारून का बहुमान अभिभाशक संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार चौहान ने किया। उदघाटन कार्यक्रम में अतिथि के रूप पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीष भूपेन्द्र कुमार सनाढय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव न्यायधीश अहसान अहमद, सीजेएम प्रिया टवरी, एसीजेएम प्रथम चारण आशा, एसीजेएम द्वितीय अंकित दवे, जेएम दिव्या, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

इस दौरान अध्यक्ष प्रवीण कुमार चौहान, उपाध्यक्ष डूंगर देवासी, सचिव उत्तम कुमार गहलोत, सहसचिव ललित कुमार, कोषाध्यक्ष मीठालाल, सह कोषाध्यक्ष दौलतराज बराडा, पुस्तकालय अध्यक्ष गोपाल जोषी, वरिश्ठ अधिवक्ता सरदार खान खोखर, चुन्नीलाल पुरोहित, चेनाराम चौधरी, रामसिंह चम्पावत, रजनीकांत सोनी, रमेष सोलंकी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

पेयजल व सिंचाई के लिये जल वितरण तय किया

कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में हेमावास बांध जल वितरण समिति की बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में आज शनिवार को जिला परिषद् सभागार में हेमावास बांध जल वितरण समिति की बैठक आयोजित की गयी । बैठक में बांध से सिंचाई एवे जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल आंवटन के लिये चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पेयजल के लिये 450एमसीएफटी व शेष जल सिंचाई के लिये उपलब्ध होगा।

बैठक में जिला कलैक्टर मंत्री ने सभी से जल वितरण के लिये उपस्थि अधिकारियों व किसानों से चर्चा की व उनकी बात सुनी बैठक में अधिशाषी अभियंता जल संसाधन विभाग एवं पदेन सचिव , एन के बालोटिया ने बताया कि आदिनांक को बांध का गेज 27.50 फीट पर 2074.19 एमसीएफटी है।हेमावास बांध से 14 गांव की कल 21499 एकड़ भूमि में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध करवाया जाना है बांध के पानी से लगभग 4500 से 5000 कृषक लाभान्वित होंगे। पेयजल के लिये प्राथमिकता के तौर पर श्रीकांत सिंह अधिशाषी अभियंता पीएचईडी से अपनी मांग रखने के लिए कहने पर अवगत करवाया कि इस बार 550 एमसीएफटी पानी किया आवश्यकता रहेगी। चर्चा करते हुए सर्व सहमति से 450 एमसीएफटी पानी पेयजल हेतु आवंटित करते हुए जल वितरण कमेटी के अध्यक्ष ने कहा की शेष पानी सिंचाई के लिये उपलब्ध करवाया जायेगा। साथ ही नहर खोलने के लिये दिनांक 25 अक्टूबर के आस पास रखी जायेगी जिसके लिये आवश्यक तैयारी करने के लिये कहा गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, एडीएम डॉ बजरंग सिंह एडीएम, भवानी सिंह पंवार, सीईओ जिला परिषद , मुकेश चौधरी , जल संसाधन एसई, एन आर रोत अन्य संबधित विभागों के अधिकारी व पुखराज पटेल, पार्षद, सुल्तान सिंह, मोहनलाल, गिरधारी सिंह मंडली , चेनाराम जाट , घीसूलाल चौधरी, थानाराम सीरवी, पन्नालाल भाट, शेषाराम भाटी, ओटाराम चौधरी, गणेशराम ,अभयराम पटेल, हरिराम पटेल, रूपेश मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

महिला मानव जीवन का आधार : गंगा चौधरी

बालोतरा, (निसं)। महिला मानव जीवन का आधार है। पितृसतात्मक व्यवस्था में महिलाओं के उत्थान निर्णय भागीदारी पर संवैधानिक स्वतंत्रता के उपयोग के लिए खुद की समझ निर्माण करनी आवश्यक है। यह उद्गार ट्रेनी तहसीलदार गंगा चौधरी ने सवेरा संस्थान बालोतरा के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत सवेरा सभागार में आयोजित महिला नेतृत्व विकास प्रशिक्षण में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की दशा और दिशा बदलने हेतु समानता आधारिक शोषण मुक्त समाज की जरूरत है। इस अवसर पर प्रोफेसर संतोष पटेल ने कहा कि महिला हिंसा निराकरण हेतु सामुदायिक मजबूत पहल की जरूरत है हम स्वयं किसी की सत्ता को बिना कारण स्वीकार करना ही व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन होता है प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ रामेश्वरी चौधरी व प्राचार्य इंदिरा बोखा ने जेंडर संवेदनशील वातावरण पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करने, महिला घरेलू हिंसा के विभिन्न पहलुओं पर पैनल अनुसार चर्चा कर घरेलू हिंसा के सामाजिक स्वरूप को बताया गया।

मुख्य वक्ता ट्रेनिं तहसीलदार नीलम कंवर ने कहा कि आदिकाल से महिलाओं के विकास में एक सोच बाधक रही है वर्तमान में महिला उत्थान की समझ बनाकर समानता की सोच को मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता है प्रशिक्षण में महिलाओं ने समूह चर्चा कर समस्या समाधान की प्रक्रिया पर गहन चर्चा हुई इस अवसर पर विभिन्न गांवो की महिला मंडल के मुख्य लीडर महिलाएं शरीक हुई। सवेरा संस्थान सचिव खींयाराम चौधरी ने जेंडर के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रुक्मनी माजीराणा, चांदनी चौधरी, सुशीला पालीवाल, उषा सेन, सीमा कंवर, पिंकी पालीवाल आदि माजूद रही।

शांति निकेतन ने जीता शिक्षा अवार्ड

जोधपुर, (कासं)। द शांति निकेतन इंटरनेशनल स्कूल ने शिक्षा वर्ल्ड इंडिया स्कूल 2024 पुरस्कार जीतकर एक नई उपलब्धि हासिल की है। यह भव्य समारोह 19 अक्टूबर को लीला एंबियंस होटल, गुरुग्राम में आयोजित किया गया, जहाँ शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता को मान्यता दी गई।

इस समारोह में को-एड डे स्कूल श्रेणी में विजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। पुरस्कार डॉ. शोभा मोदी, शांति निकेतन की निदेशक, को प्रदान किया गया, जिन्हें यह सम्मान रे रवेग्लिया के चेयरमैन और सह-संस्थापक, तथा सी. राजकुमार, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के उप-कुलपति द्वारा सौंपा गया।

इस कार्यक्रम में भारत के कई शीर्ष विद्यालयों, प्रतिष्ठित शिक्षकों, और शिक्षा क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। स्कूलों का मूल्यांकन शैक्षणिक प्रतिष्ठा, शिक्षक कल्याण और विकास, फैकल्टी की दक्षता, सह-पाठ्यचर्या शिक्षा, खेल शिक्षा, और आधारभूत संरचना जैसे प्रमुख मानकों के आधार पर किया गया। को-एड डे स्कूल श्रेणी में पुरस्कार पाने वाले संस्थानों में शांति निकेतन स्कूल को उसके समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढावा देने, और समावेशी तथा संतुलित शिक्षण के दृष्टिकोण के लिए पहचाना गया। यह पुरस्कार विद्यालय के प्रयासों का प्रमाण है, जो न केवल शैक्षणिक बल्कि सामाजिक और भावनात्मक विकास को भी प्रोत्साहित करता है। समारोह में शिक्षा क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया और भारत में शिक्षा के बदलते परिदृश्य पर दिल को छूने वाले भाषण दिए। पुरस्कार शैक्षणिक संस्थानों को उनके मानकों को ऊंचा उठाने, समग्र शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति करने का कार्य करेगा।

करवा चौथ आज

पाली, (नि.सं.)। सुहागिनों का पर्व करवा चौथ आज पाली शहर सहित जिले भर में उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। शनिवार को शहर के बाजार में महिलाओं की भीड़ रही, महिलाओं ने बाजार में करवा,, मेकअप का सामान, चूड़ियां साड़ियां की खरीदादारी की। वहीं रात्रि में मेहंदी भी लगाई, यह व्रत सुहागन अपने पति की लंबी उम्र के लिए करती है।

स्वयंसेवकों ने सायला ने पथ संचलन किया

सायला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में पथ संचलन का आयोजन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

सायला, (निसं)। सायला नगर में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में मंडल स्तरीय विजयादशमी के उपलक्ष में पथ संचलन का आयोजन हुआ। पथ संचलन में मंडल क्षेत्र के स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

पथ संचलन से पूर्व सभी स्वयंसेवक नए बस स्टेंड के समीप लहर भारती कुटिया प्रांगण में इकट्ठे हुए। जहां से पूर्ण गणवेश में दंड धारण कर घोष वादन के साथ कदम मिलाते हुए रवाना हुए। पथ संचलन लहर भारती कुटिया से रवाना होकर नए बस स्टेंड, पंचायत समिति रोड, पुराना बस स्टेंड सहित मुख्य मार्गो से होते हुए शीतला माता चौक स्थित गेर स्थल पहुंचा। पथ संचलन का जगह जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गेर स्थल में शस्त्र पूजन तथा शारीरिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विभाग शारीरिक प्रमुख कालूदान ने कहा कि हिन्दू समाज संगठित हो रहा हैं। भारत की संस्कृती गौरवशाली है।

सार-समाचार

बच्ची सकुशल मिली, पुलिस राहत में

जोधपुर, (कासं)। नाबालिग की गुमशुदगी के मामले में पुलिस की पूरी रात भागदौड़ हो गई। जोधपुर ग्रामीण की शेरगढ़ थाना पुलिस ने एक नाबालिग की गुमशुदगी दर्ज होते ही पुलिस अलर्ट हो गई। मामले में पुलिस ने पूरी रात सर्च ऑपरेशन चलाया। टीम ने करीब 9 घंटे तक ऑपरेशन चलाकर 6 वर्षीय नाबालिग को सकुशल ढूंढ निकाला। नाबालिग बकरी को घर से दूर छोड़ने के लिए गई, लेकिन रात के अंधेरे में रास्ता भटक गई। एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि कल रात 12:00 बजे प्रार्थी ने रिपोर्ट देकर बताया कि उनकी पोती 6 साल की है जो 18 अक्टूबर की शाम 4:00 बजे घर के पास बकरी चराने रेतीले धोरों की तरफ गई थी ।लेकिन वापस घर नहीं लौटी। ढूंढने पर भी पता नहीं चला तो शेरगढ़ थाने में रिपोर्ट दी गई। रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने थाना अधिकारी के नेतृत्व में अलग-अलग टीम बनाई और बालिका की रहवासी ढाणी के आसपास में रात के समय टीमों ने तलाशी अभियान चलाया। टीम ने करीब 15 किलोमीटर रेतीले धोरों में उसकी तलाश की। अभियान के दौरान सुबह करीब 9 बजे नाबालिग उनके घर से करीब 4 किलोमीटर की दूरी पर रेतीले धोरों के बीच अकेले सोती हुई मिली। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि बकरियों के पीछे-पीछे सुनसान जगह में चली गई थी और रात हो जाने के कारण घर का रास्ता भूल जाने की वजह से सुनसान जगह पर ही नींद आने की वजह से सो गई थी। बच्ची के सकुशल मिलने पर परिजनों सहित पुलिस ने राहत की सांस ली।

बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

पाली, (नि.सं.)।पाली शहर से दिनदहाड़े बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार है। निशानदेही पर चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने 10 बाइक चोरी करना स्वीकार की। कोतवाली थाने के एएसआई भल्लाराम विश्नोई ने बताया- पाली शहर के सूरजपोल चौराहे के निकट स्थित मणि ऑप्टिकल के पास वाली गली से बापूनगर निवासी भरत पुत्र राजेन्द्र सैन की बाइक चोरी हो गई थी। इसको लेकर भरत ने 15 सितम्बर को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामला दर्ज होने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले और कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए मामले में पाली जिले के सिरियारी थाना क्षेत्र के भगोड़ा गांव निवासी विक्रमसिंह (22) पुत्र घीसूसिंह और ब्यावर जिले के कोटड़ा (जवाजा) निवासी सचिन सिंह (21) पुत्र गाजी सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। आरोपियों ने सूरजपोल के निकट से भरत सैन की बाइक चोरी करना स्वीकार की। इस पर उनकी निशानदेही पर चोरी की बाइक भी बरामद की। इसके साथ ही आरोपियों ने सोजतरोड, केलवा, नाथद्वारा, राजसमंद आदि क्षेत्रों से 10 बाइक चोरी करना स्वीकारा। इस पर दोनों को गिरफ्तार किया गया। जेल से आरोपी सचिन सिंह के खिलाफ पहले से बाइक चोरी के 4 मुकदमे है। वह करीब 2 महीने पहले जेल से रिहा हुआ और अपने दोस्त विक्रम सिंह के साथ मिलकर पाली से बाइक चुरा ली। आरोपी सचिन सिंह अपने साथ मास्टर चाबी रखता है और उसी की मदद से बाइक चोरी करता है।

प्रोविडेंट फंड के 22.60 लाख रुपए चोरी

जोधपुर, (कासं)। सेवानिवृति के बाद जमा राशि को बैडनुमा बॉक्स में छुपाकर रखना सरकारी सेवा से रिटायर्ड भारी पड़ गया। सरकारी सेवा से रिटायर्ड हुए एक व्यक्ति के घर से अज्ञात शख्स 22.60 लाख रूपए चोरी कर ले गया। चोर ने घर में रखे आभूषणों को नहीं छुआ, मगर नगदी ले गया। मामला पांच दिन पहले का है, मगर केस अब दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया मामले में किसी जानकार का हाथ होने का अंदेशा भी जताया है। रूपए प्रोविडेंट फंड से मिलना बताया गया है। मंडोर थानाधिकारी रमेश खिडिया ने बताया कि पालड़ी मांगलिया निवासी महेश जाट की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके पिता बाबूलाल जाट हाल ही में सरकारी सेवा से रिटायर्ड हुए थे। तब उनके प्रोविडेंट फंड के मिली राशि में से उन्होंने बैंक से निकाली 22 लाख 60 हजार की राशि अपने बैडरूम में बैडनुमा बक्से में रखी थी। रिपोर्ट में बताया कि जब रकम की जरूरत पड़ी तो 13 अक्टूबर को नकदी गायब मिली। जबकि उसके पास रखा हुआ परिवार की महिलाओं का गोल्ड सुरक्षित पड़ा था। पहले तो परिजनों ने अपने स्तर पर और संभावित लोगों से पूछताछ की लेकिन उसमें कोई पता नहीं लगने पर घटना के पांच दिन बाद शुक्रवार को थाने पहुंच कर 22 लाख 60 हजार रूपए चोरी होने की रिपोर्ट दी। इस बारे में एसआई दौलाराम की तरफ से जांच की जा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि इसमें किसी जानकार का हाथ हो सकता है।

नंदनवन शाखा की प्रतियोगिता संपन्न

जोधपुर, (कासं)।भारत विकास परिषद् नंदनवन शाखा, जोधपुर अपना संस्कृति सप्ताह मना रही है। जिसके तहत संस्कृति सप्ताह के छठे दिन खेलकूद प्रतियोगिता (टेबल टेनिस- डबल्स) का आयोजन चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, 17 सेक्टर में स्थित आशुतोष पार्क मे संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता 14 अक्टूबर से 7 टीमों के बीच चल रही थी जिसका फाइनल शुक्रवार को पहली टीम सी. एस. भाटी, श्री बी. पी. माथुर एवं दूसरी टीम रमेश चंद पुरोहित, राकेश माहेश्वरी के बीच खेला गया। जिसमें रमेश चंद्र पुरोहित की टीम विजेता रही। भारत विकास परिषद की तरफ से विजेताओं को अंग वस्त्र पहनाकर आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर खेल के रेफरी डॉक्टर नरपत सिंह सिसोदिया एवं आशुतोष पार्क के प्रतिनिधि प्रेम राज जी सोनी को अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। 18 सदस्यों की सहभागिता रही। प्रतियोगिता की प्रभारी श्रीमती बीना भाटी एवं श्रीमती मधु सोनी थी। प्रोग्राम के अंत में भारत विकास परिषद की तरफ से सभी को अल्पाहार कराया गया। इस अवसर पर नंदनवन शाखा के सचिव राजेंद्र मोदी ने सभी खिलाड़ियों व उपस्थित लोगों को सहभागिता के लिए आभार प्रकट किया।

अडाण से गिरे श्रमिक की मौत

जोधपुर, (कासं)।अडाण टूटने से घायल श्रमिक की उपचार के बीच अस्पताल में मौत हो गई। शहर के चांदणा भाखर देवी रोड पर एक निर्माणाधीन भवन पर निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान अडाण टूट गया। वहां पर कार्य कर रहा श्रमिक नीचे गिर कर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। इस बारे में पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया है। प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि रामदेव पेट्रोल पंप के पास कबीर नगर निवासी शाकीर पुत्र मोहम्मद सलीम की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भाई अकबर 12 अक्टूबर को चांदणा भाखर देवी रोड एक निर्माणाधीन भवन पर कार्य कर रहा था। तब अचानक से अडाण टूट गई और वह गिर गया। गंभीर घायल होने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर अब उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव परिजन को सुपुर्द किया।

गर्भस्थ शिशु की झगड़े में मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में डॉ. अंबेडकर कॉलोनी क्षेत्र में सात माह पूर्व देवरानी और जेठानी में झगड़ा हुआ था। झगड़े में देवरानी नीचे गिर गई और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। उसकी तरफ से अब जेठानी के खिलाफ कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में जांच आरंभ की है। प्रतापनगर सदर थाने में दी रिपोर्ट में डा. अम्बेडकर कॉलोनी, प्रतापनगर की रहने वाली नीलू पत्नी अम्बालाल की तरफ से यह मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि 13 मार्च की रात्रि के समय उसकी जेठानी सुमन से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिस पर वह नीचे गिर गई थी और घायल हो गई थी। रिपोर्ट के अनुसार उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई। प्रतापनगर सदर पुलिस ने अदालत से मिले इस्तगासे पर जेठानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। अठिाम जांच की जा रही है।

रास्ता रोककर मारपीट, ताड़फोड़ की

जोधपुर, (कासं)। शहर के गायत्री नगर माता का थान क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट करने और तोडफ़ोड़ किए जाने का प्रकरण पुलिस में दर्ज हुआ है। महिला की तरफ से नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। माता का थान पुलिस ने बताया कि गायत्री नगर माता का थान निवासी मीरा पत्नी पुखराज सुथार ने मामला दर्ज करवाया। इसमें बताया कि 17 अक्टूबर को आरोपी सोहन विश्नोई और उसके साथ आए दस बारह लोगों ने उसके घर में घुसकर तोडफ़ोड़ की और वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। उसके परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने इनके बीच आपसी विवाद होना बताया है। दूसरी तरफ बनाड़ स्थित श्याम नगर धापी मार्बल रोड के सचिन यादव पुत्र अभय सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि 17 अक्टूबर को धापी मार्बल बनाड़ रोड पर जतनीराम लुहार आदि लोगों ने उसके पिता अभय सिंह का रास